पत्र संख्या–१३/वि०मं०–०४/२०२४ सा० 48 /

बिहार सरकार

सामान्य प्रशासन विभाग

प्रेषक,

सत्यम सहाय,
विशेष कार्य पदाधिकारी ।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
जल संसाधन विभाग,
बिहार, पटना ।

पटना–१५, दिनांक – 08 फरवरी, 2024

विषय – मा० श्री महेशवर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार) स०वि०प० द्वारा बिहार विधान परिषद् के २०६ वें सत्र में पूछा जाने वाला ऑन–लाईन तारांकित प्रशन संख्या–१/२०६/२४ के स्थानांतरण के संबंध में ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय बिहार विधान परिषद् सचिवालय के बेवसाईट से प्राप्त ऑन–लाईन तारांकित प्रश्न संख्या–१/२०६/२४ द्वारा इस विभाग के लॉगिन से प्राप्त है । आलोच्य प्रश्न संख्या–१/२०६/२४ का विषयवस्तु "कनीय एवं सहायक अभियंताओं के रिक्त पदों पर नियुक्ति,से संबंधित है," । उक्त विषय जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना से संबंधित रहने के कारण आलोच्य तारांकित प्रश्न की प्रति वांछित कार्रवाई हेतु संलग्न है ।

अतः अनुरोध है कि तारांकित प्रश्न का उत्तर जल संसाधन विभाग से देने की कृपा की जाय । इस आशय की सूचना बिहार विधान परिषद् सचिवालय को दी जा रही है ।

अनु०–यथोक्त ।

विश्वासभाजन,

विशेष कार्य पदाधिकारी ।

ज्ञापांक–१३/वि०मं०–०४/२०२४–सा० 48 /पटना–१५, दिनांक– 08 फरवरी, २०२४

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, पटना के ऑन–लाईन तारांकित प्रश्न संख्या–१/२०६/२४ के क्रम में प्रेषित तथा अनुरोध है कि उक्त ऑन–लाईन तारांकित प्रश्न संख्या–१/२०६/२४ को सामान्य प्रशासन विभाग, पटना की सूची से विलोपित कर जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना की सूची में रखने की कृपा की जाय ।

2. उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

विशेष कार्य पदाधिकारी ।

ज्ञापांक–१३/वि०मं०–०४/२०२४–सा० 48 /पटना–१५, दिनांक– 08 फरवरी, २०२४

प्रतिलिपि–आई०टी० मैनेजर, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को बिहार विधान परिषद् सचिवालय के बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

विशेष कार्य पदाधिकारी ।

बिहार विधान परिषद प्रश्न

1/206/24

रिक्त पदों पर नियुक्ति

19/01/2024 05/02/2024

*1/206/24 श्री महेश्वर सिंह(पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार)

सामान्य प्रशासन

(क) क्या यह सही है कि लगभग नौ कार्य विभागों में कनीय अभियंताओं और सहायक अभियंताओं के 46 प्रतिशत पद रिक्त है;

(ख) क्या यह सही है कि अभियंताओं की कमी के कारण योजनाओं की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारत्मक हैं, तो क्या सरकार यह बताना चाहती है कि कनीय एवं सहायक अभियंताओं के रिक्त पदों पर नियुक्ति कबतक करना चाहती है , नहीं तो क्यों?